संक्षिप्त

सैन समाज की बैठक आज

निवाई। सैन समाज पंच परगना शहरी एवं ग्रामीण की साधारण सभा की बैठक 26 नवंबर को समिति अध्यक्ष राधेश्याम डांगरथल की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। मंत्री शिवदयाल पडियार व राधेश्याम नटवाड़ा ने बताया कि 26 नवंबर को दोपहर 2 बजे कमलेश्वर महादेव मंदिर में साधारण सभा की बैठक का आयोजन होगा। उन्होंने ने बताया कि बैठक में छात्रावास के विकास सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बैठक में समाज के जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी सहित कई कार्यकर्ता भाग लेंगे।

ब्रिज पर शुरू हुआ यातायात

कोटपूतली। कस्बे के पूतली कट ओवर ब्रिज पर सोमवार से यातायात का आवागमन शुरू किया गया है। यह जानकारी प्रोजेक्ट डायरेक्टर अजय आर्य ने दी। उल्लेखनीय है कि पिछले काफी समय से अधूरे ओवरब्रिज के निर्माण के चलते कोटपूतली शहर में यातायात की व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। जिला प्रशासन तथा एनएचएआई ने समन्वय से काम करते हुए अधूरे ओवरब्रिज का निर्माण पूर्ण किया। जिला प्रशासन ने निरंतर साप्ताहिक समीक्षा बैठकों में एनएचएआई के प्रतिनिधियों को जिला कलक्टर द्वारा समय-समय पर निर्देश प्रदान किये गये। उसी के परिणाम स्वरूप सोमवार से ओवरब्रिज से वाहनों का आवागमन सुचारू रूप से शुरू हुआ। इस दौरान एनएचएआई से सतीश सिंह, अभय शुक्ला, ओमप्रकाश चौधरी, राजकुमार, सोयब, आनंद सैनी समेत अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

निजीकरण के विरोध मे कर्मचारियो ने किया प्रदर्शन

मालपुरा। जयपुर विधुत वितरण निगम कार्यालय मालपुरा,डिग्गी व टोडारायसिंह के कर्मचारियो ने सोमवार को निजीकरण के विरोध मे धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन। सौंपे गये ज्ञापन मे कर्मचारियो ने बताया कि मॉडल के नाम पर किये जा रहै अंधाधुंध निजीकरण कर्मचारियो के हितो के विपरीत ऐसे निजीकरण को तत्काल प्रभाव से रोका जावे। विधुत के क्षैत्र मे उत्पादन, प्रसारण व वितरण नियमो मे अलग-अलग प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर किये जा रहै निजीकरण को नही रोका गया तो लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन जारी रहेगा।

श्याम मंदिर में अरदास संकीर्तन आज

निवाई। इन्दिरा कॅलोनी स्थित श्री श्याम मन्दिर में एकादशी को लेकर 26 नवम्बर को बाबा श्याम का कलकता के फूलों से भव्य श्रंगार किया जाएगा। मन्दिर कमेटी के रवि पारीक ने बताया की सायं 7 बजे से मन्दिर प्रांगण में मंगलवार को भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें अनिल शर्मा, महेश दरगड, रवि पारीक, मनीष साहू, महेश खण्डवाल व मनीष जिंदल सहित कई स्थानीय भजन गायक भजनों की प्रस्तुतियां देंगे। श्रद्धालुओं द्वारा बाबा के लिए घर से प्रसादी बनाकर लाया जाएगा एवं प्रत्येक भक्त की अरदास बाबा के सामने लगाएंगे।

आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर संपन्न

राजगढ़। कस्बे के गवर्नमेंट कॉलेज में महिला अध्ययन प्रकोष्ठ एवं आइक्यूएसी की ओर से साप्ताहिक आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर उत्साह एवं उल्लास के साथ सोमवार को समापन हुआ। शिविर का प्राचार्य डॉ के एल मीना मैं सभी प्रतिभागी छात्राओं से प्रशिक्षण शिविर में सीखे गए आत्मरक्षा से संबंधित टिप्स का उपयोग करने की सलाह दी। प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्राचार्य डॉ के एल मीणा ने छात्रों से सात दिवस में सुरक्षा को लेकर बताए गए उपायों का जीवन में बेहतरीन उपयोग करने की सलाह दी

डॉ. आशु मीना सम्मानित

कोटपूतली। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम शुक्लावास निवासी आर्थोपेडिक एवं स्पोर्ट्स इंजरी सर्जन डॉ. आशु कुमार मीना को ष्युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालयष एवं फिजिकल एजुकेशन फाउण्डेशन ऑफ इंडिया द्वारा रविवार को एनडीएमसी कनवेंशन सैंटर दिल्ली में आयोजित नेशनल स्पोर्ट्स इंजरी कॉनक्लेव पर व्याख्यान दिये जाने पर डॉ. मीना को चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के बदौलत सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस से सम्मानित किया गया।

कलेक्टर ने झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ सी. एम. एच. ओ. को कार्रवाई के निर्देश दिए

खैरथल। खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बजट घोषणाओं व विभागीय कार्यों की प्रगति साप्ताहिक समीक्षा करते हुए जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को जिले भर में झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर सोमवार को आयोजित हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने जल जीवन मिशन, बिजली विभाग के लिए ट्रांसफार्मर की उपलब्धता, तंबाकू फ्री अभियान, सड़क निर्माण कार्य, अवैध माइनिंग सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर अधिकारियों से चर्चा कर स्थिति की जानकारी ली।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर साप्ताहिक समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते जिला कलेक्टर किशोर कुमार।

अरविंद गेट को झोलेछाप डॉक्टरों पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा आम जन के स्वास्थ्य के साथ जिले में झोलाछाप डॉक्टर बैठकर खिलवाड़ करे यह बिल्कुल नहीं होगा अभियान चलाकर कार्रवाई करें जिससे झोलाछाप डॉक्टरों को खिलवाड़ करने से रोका जा सके। अवैध माइनिंग पर अंकुश लगाने हेतु प्रभावी कार्य योजना बनाकर कार्यवाही करने के लिए अधिकारी को निर्देश दिए। बिजली विभाग के अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली

- **खैरथल तिजारा जिला सचिवालय पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई साप्ताहिक समीक्षा बैठक**

आपूर्ति की जानकारी लेकर ग्रामीण ब्लॉकों में रोस्टर के अनुसार बिजली उपलब्ध कराने की निर्देश दिए।

उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़क बनाने/रिपेयर करने की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक के दौरान जिला कलेक्टर ने संविधान दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय खैरथल में प्रातः 11:30 बजे किया जाएगा। इस दौरान प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने खैरथल मंडी सेक्रेटरी से मंडी में आ रही प्याज व कपास की आवक की जानकारी ली। कृषि विभाग के अधिकारियों से डीएपी की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए कोऑपरेटिव एवं एग्रीकल्चर विभाग के अधिकारियों को प्रचार प्रसार कर डीएपी के बजाय सिंगल सुपर फास्फेट उर्वरक का उपयोग के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए।बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की विभागवार समीक्षा करते हुए जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य सरकार की मंशानुरूप बजट घोषणाओं की जल्द से जल्द व प्रभावी क्रियान्विति करें।

मल्टी एवं सुपर स्पेशलिस्ट शिविर का समापन

किशनगढ़ बास। किशनगढ़ बास के बास कृपाल नगर में न्यूरो सर्जन डॉ नूतन शर्मा के सुपरविजन में जन कल्याण एवं शिक्षा विकास समिति व डॉ श्राफ धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय अलवर के तत्वाधान में लगे दो दिवसीय 17 वें मल्टी एवं सुपर स्पेशलिस्ट शिविर का सायं देर रात्रि तक मरीज देखने के बाद समापन हुआ।जन कल्याण एवं शिक्षा समिति के सदस्य दयाराम कुचलिया ने बताया की बास कृपाल नगर में मुंबई सेफी अस्पताल के न्यूरो हैंड व बास कृपाल नगर के निवासी न्यूरो सर्जन डॉ नूतन शर्मा की और से 17 वा दो दिवसीय कैंप लगाया गया। 2 दिन रहे कैंप में देश के जाने-माने न्यूरो सर्जन डॉ नूतन शर्मा ने करीब 170 न्यूरो से संबंधित रोगियों की जांच की और उन्हें निशुल्क दवा प्रदान की। मल्टी एवं सुपर स्पेशलिस्ट इस दो दिवसीय शिविर में करीब ढाई सौ से अधिक आंखों से संबंधित रोगियों की जांच श्रॉफ धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय अलवर की टीम ने की। जांच के दौरान 65 रोगियों का आंख बनाने के लिए चयन किया गया। तथा शेष रोगियों को जांच के बाद निशुल्क दवा प्रदान की गई। इसके अलावा 200 से ज्यादा मरीज अन्य रोगों से संबंधित पहुंचे मरीजों को उपचार कर दवा दी गई। शिविर के अंतिम दिन रात्रि 8 बजे तक कैंप में दूर-दूर से आ रहे मरीजों को निराश नहीं किया और उनका उपचार किया।

शिक्षा समिति के अध्यक्ष ठेकेदार धीरूभाई सहित पूर्व सरपंच प्रकाश चंद त्रिभुवन शर्मा महेश भारद्वाज राधेश्याम सेन त्रिलोक चंद शर्मा ओम प्रकाश शर्मा गोविंद गुप्ता कमलकांत प्रमोद शर्मा रामावतार शर्मा सुरेंद्र मिश्रा गोलू गुप्ता सुरेंद्र गुप्ता सहित समिति के लोगों ने दो दिन तक शिविर में रहकर व्यवस्थाओं को संभाला और दूर दराज से आए मरीजों को चिकित्सकों की टीम से उपचार दिलाया।

विधायक ने अस्पताल के सफाई ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के दिए निर्देश

गोविन्दगढ /अलवर। नवनिर्वाचित विधायक सुखवंत सिंह के द्वारा सोमवार सुबह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गंदगी को देखकर विधायक नाराज हो

- **अस्पताल में तीन डॉक्टर मिले उपस्थित, बाकी अनुपस्थित**

गए मौके पर मिले मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को उन्होंने निर्देश दिए की सफाई ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए मौके पर सफाई कार्य से जुड़े कर्मचारियों को बुलाया तो वह भी विधायक को जिम्मेदार पूर्ण जवाब नहीं दे पाए और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों की सफाई को लेकर कमी बताते नजर आए वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

विधायक सुखवंत सिंह ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।

में मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी निशि अग्रवाल डॉक्टर नसीब खान सहित एक अन्य चिकित्सक मौजूद रहे वही एक चिकित्सा के डीपी शर्मा पर थे उनके अलावा बाकी चिकित्सक अनुपस्थित रहे हालात इतने खराब थी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नहीं थी मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी को सभी अनुपस्थित कर्मचारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए वही विधायक सुखवंत सिंह केद्वारा ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी से अस्पताल की कमियों के बारे में पूछा गया और उनका पूरा करने के लिए आवश्यक सामान को लेकर भी निर्देश दिए गए।

हेमराज हत्याकाण्ड के आरोपियों के खिलाफ जांच के लिए सौंपा ज्ञापन

परिजनो ने अपराधियों के खिलाफ बीटीएस जांच करवाने की मांग की।

टोंक। दो नवम्बर को हेमराज बैरवा को हांडी गाव के पास नाथडी टोल के पास गाडी में जिन्दा जलाकर यौजनाबद्ध तरिके से हत्या मामले में जाचं हेतु कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। जिसमें उन्होने अनुसंधान अधिकारी द्वारा अब तक अनुसंधान कर दोषीयों को गिरफ्तार नहीं करने का आरोप लगाया है।

ज्ञापन में बताया कि 2 नवम्बर को आरोपियों द्वारा मृतक को अपहरण कर, मृतक द्वारा परिजनो को कॉल करवाकर उन्हे बुलवाकर बोलेरो गाड़ी जो हाड़ी गांव टोल प्लाजा पर पहुँची तो गाड़ी में विशेष हलचल थी ऐसा लग रहा था, उक्त वाहन में एक से ज्यादा व्यक्ति मोजूद थे, लेकिन जब वाहन ने टोल पार किया तो उस समय टोल के कैमरे भी बंद थे और उक्त वाहन का टोल भी नहीं काटा गया और उक्त वाहन को टोल कर्मचारियों ने इशारे से ही बिना टोल काटे निकाल दिया था जबकि इससे पूर्व घटना के दिन ही इसी गाडी द्वारा टोल पार किया गया था। जिसमें मृतक द्वारा टोल की राशि देना सीसीटीवी केमरे में दिखाई दे रहा है।

उन्होने बताया कि पुलिस को गुमराह करने के लिए उक्त वाहन को अलग-अलग जगह ले जाया गया, जो सोची समझी साजिश के तहत उक्त घटना को अंजाम दिया है।

मृतक के परिजनो ने घटना में शामिल कुछ व्यक्ति को पोस्टमार्टम के समय जिसमें दिलराज गुर्जर व अन्य व्यक्ति दिखाई दिये तथा विलाज गुर्जर व एक अन्य भौ व्यक्ति कलेक्टर परिसर में अलग दिखाई दिये, जिन पर उनको संदेह है, जो निवासी श्योपुरी पक्का बंधा का रहने वाला है, इस व्यक्ति से मृतक का पूर्व में विवाद था। परिजनो ने उक्त घटना में शामिल अपराधियों के खिलाफ उच्च स्तरीय टीम गठित कर जाच करवाने व बीटीएस जांच करवाने की मांग की है।

डेढ़ साल से डॉक्टर का पद रिक्त, ग्रामीणों का प्रदर्शन

ग्रामीणों ने चिकित्सालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

नारायणपुर । उपखंड क्षेत्र के ग्राम गढी में स्थित पीएचसी में पिछले डेढ साल से डॉक्टर नहीं होने से सोमवार को युवा नेता राकेश दायमा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने चिकित्सालय के बाहर विरोध प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान राकेश दायमा ने बताया कि गढी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर ईलाज के लिए करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के लोग आते हैं। लेकिन पिछले डेढ साल से गढी पीएचसी पर डॉक्टर सहित एक एलएचवी, एक सीनियर नर्सिंग ऑफिसर का पद रिक्त चल रहा हैं। अस्पताल में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता हैं। अस्पताल में पिछले डेढ़ साल से ग्रामीणों द्वारा डॉक्टर लगाने की मांग चल रही हैं, लेकिन विभाग का इस ओर कोई ध्यान नहीं हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पीएचसी में डॉक्टर नहीं होने से मरीजों को बानसूर, नारायणपुर, कोटपुतली, अलवर जाना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों ने कार्यवाहक चिकित्सक राजकुमार स्वामी को कोटपुतली-बहरोड़ सीएमएचओ के नाम ज्ञापन देकर शीघ्र डॉक्टर लगाने की मांग की हैं। इधर कोटपुतली-बहरोड़ सीएमएचओ आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि विधायक के कहने पर नजदीकी पीएचसी कोलाहेड़ा और बसई जोगियान से दो-दो दिन के लिए गढ़ी पीएचसी पर दो डॉक्टरों को लगा दिया गया हैं। इस मौके पर रामस्वरूप, दौलत राम मीणा, राजपाल सिंह, लाला राम गुर्जर, जगदीश गुर्जर, महेश प्रजापत, राजू सैनी, हनुमान गुर्जर, योगेश प्रजापत, राहुल तंवर, धाना राम मीणा, जयराम सैनी, जगमोहन शर्मा, सियाराम प्रजापत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

विकास कार्यों में भामाशाहों का सहयोग आवश्यक : राधा पटेल

कोटपूतली। कस्बा स्थित आजाद चौक कचहरी परिसर की नवनिर्मित चार दीवारी का उद्घाटन समारोह सोमवार को विधायक प्रतिनिधि राधा देवी पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस मौके पर सुलभ कॉम्पलैक्स निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये राधा पटेल ने भामाशाह परिवार का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि विकास कार्यो में भामाशाह का सहयोग बेहद आवश्यक है। विकास कार्य केवल सरकार के वश की बात नहीं है, इसमें भामाशाहों का सहयोग भी आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का अति शीघ्र समाधान किया जायेगा। उन्होंने चार दीवारी व गेट का फीता काटकर उद्घाटन किया एवं कॉम्पलैक्स निर्माण कार्य का शिलान्यास भी किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बार एसोसिएशन अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने परिसर

राधा पटेल ने सुलभ कॉम्पलैक्स कार्य का किया शिलान्यास ।

में पक्का पत्थर लगवाने की मांग की। जिस पर राधा पटेल ने कहा की शीघ्र ही अधिवक्ताओं की समस्याओं को ध्यान में रखते हुये एडवोकेट परिसर में फर्श डलवाई जायेगी। विशिष्ठ अतिथि एसडीएम बृजेश चौधरी, नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, सभापति प्रतिनिधि एड. दुर्गाप्रसाद सैनी, पूर्व चौयरमैन एड. महेन्द्र सैनी रहे। उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष नगर परिषद द्वारा आजाद चौक कचहरी परिसर में कई संरचनायें हटाई गई थी। जिसके बाद से ही चार दीवारी का निर्माण कार्य लम्बित था। कचहरी परिसर में उपखण्ड मुख्यालय के साथ-साथ तहसील कार्यालय, सब रजिस्ट्रार कार्यालय, कोषालय व डीएसपी आदि के कार्यालय स्थित है।

अभिभाषक संघ अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने जानकारी देते हुये

- **नवनिर्मित चार दीवारी का उद्घाटन व सुलभ कॉम्पलैक्स निर्माण कार्य का किया शिलान्यास**

बताया कि कचहरी परिसर में भामाशाह सराधना परिवार द्वारा स्व. बीरबल, स्व. छाजुराम मुनीम जी व स्व. बुलाराम भगतजी सुपुत्र स्व. श्योलाल सराधना की पुण्य स्मृति में चार दीवारी व गेट का निर्माण करवाया गया है। इस मौके पर एक्सईएन दीपक मीणा, ईईएन मुकेश सैनी, उप प्रधान प्रतिनिधि एड. राजेन्द्र रहीसा, पूर्व सरपंच जयराम सिंह गुर्जर, एड. रमेश रावत, एड. कमल कसाना, एड. जितेन्द्र रावत, रामचंद्र सैनी, प्रदीप बंसल, राजपाल जाट, पवन शर्मा, सत्यवीर पायला, विक्रम कसाना, सीताराम, मुकेश यादव, श्योराम यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

विभागीय समीक्षा बैठक

दूदू । जिला स्तरीय अधिकारियों की साप्ताहिक विभागीय समीक्षा बैठक सोमवार को अतिरिक्त जिला कलक्टर गोपाल परिहार की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने विभिन्न विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं कार्यप्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विद्युत विभाग को पीएम - कुसुम व पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की सूचना देने तथा उद्यानिकी विभाग को पीएम - कुसुम कंपोनेंट बी की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सभी विभागों को उनके चल रहे कार्यों, बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये । इस दौरान उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना व पालनहार योजना के सत्यापन कार्य की समीक्षा कर शीघ्र कार्य पूरा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये ।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर परिहार ने सम्पर्क पोर्टल व जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर सभी विभागों से संबंधित लंबित प्रकरणों को 5-7 दिनों में आवश्यक रूप से निस्तारित करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

सार-समाचार

फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

पावटा। प्रागपुरा थाना पुलिस ने वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत जान से मारने की नियत से जानलेवा हमला करने वाले एक वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कोटपुतली बहरोड राजन दुष्यंत ने बताया कि जिले मे वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान को सफल बनाने के लिए प्रभावी कार्यवाही करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के निर्देशन एंव वृत्ताधिकारी वृत्त विराटनगर शिप्रा राजावत के सुपरविजन व प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार के नेतृत्व मे थाना प्रागपुरा पर गठित टीम ने प्रकरण मे फरार आरोपी की हर संभावित स्थानो पर सरगर्मी से तलाश करते हुए अपनी सूझबुझ से आरोपी सूरज सिंह पुत्र पप्पू सिंह निवासी पाछुडाला को गिरफ्तार करने मे सफलता अर्जित की। प्रागपुरा थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया बताया कि 19 जुलाई 2023 को परिवादी रेखा देवी पत्नी बृजमोहन निवासी नवोदय कट के पास सामने पाव टा ने मामला दर्ज करवाया था कि हमारी पट्टे शुदा भूखंड ज्यो कि ग्राम पावटा मे है जिस पर मैंने आवासीय मकान बना रखा है। जीतू सिंह शेखावत पुत्र नामालूम निवासी बिलाली तहसील विराटनगर दो वाहनों एक बोलेरो व एक इरटिगा गाडी मे 10-15 बदमाशों को लेकर मेरे घर आकर मेरे ससुर श्रीराम जांगिड को जान से मारने की नियत से रिवाल्वर लगा दी। जिस पर आर्म्स एक्ट मे मामला दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

पांडुपोल में चलेंगी इलेक्ट्रिक बसें

अलवर। सुप्रीम कोर्ट की ओर से सरिस्का के संरक्षण को दिए गए आदेश पर अमल को लेकर सरकार ने बैठक की। उन्होंने संबंधित अफसरों को निर्देश दिए हैं कि जल्द से जल्द सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की सिफारिशों को लागू करें। सरिस्का प्रशासन इसे गंभीरता से लेते हुए आगे बढ़े। म्यूटेशन की प्रक्रिया में आ रही बाधाओं को जिला प्रशासन व संबंधित विभाग दूर करते हुए शुरू करें। मुख्य सचिव सुधांश पंत की ओर से सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र जमा किया गया था। उन्होंने सेंट्रल एम्पावर्ड कमेटी की 22 सिफारिशों को लागू करने पर सहमति दी। कहा कि समयबद्ध तरीके से यह कार्य करवाए जाएं। कुछ कामों के लिए समय और मांगा था। अब तक किए गए कार्यों को लेकर सरकार ने समीक्षा की। मुख्य सचिव ने कहा है कि जिन सिफारिशों पर दिसंबर 2024 तक काम पूरा करना है, उन्हें जल्द पूरा कर लिया जाए। पांडुपोल मंदिर तक इलेक्ट्रिक बस चलाने, अतिक्रमण पर कार्रवाई करने, पार्किंग बनाने, गांवों के पुनर्वास की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। गांवों के विस्थापन को लेकर सरिस्का प्रशासन से प्रगति भी जानी गई है।

मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

टोंक। राजस्थान विधुत सयुक्त संघर्ष समिति द्वारा मुख्यमंत्री भजनलाल के नाम ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया कि विधुत के क्षैत्र में उत्पादन, प्रसारण एवं वितरण निगमों में भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम किये जा रहे, अंधाधुध निजीकरण पर रोक लगाने हेतु लिखा। संघर्ष समिति ने बताया कि विद्युत प्रशासन द्वारा विद्युत के वितरण, प्रसारण व उत्पादन में वर्तमान से द्रुतगति से भिन्न-भिन्न प्रक्रियाओं एवं मॉडल के नाम पर निजीकरण किया जा रहा है। समिति ने सरकार से निवेदन किया है कि निजीकरण को हटाकर नये कर्मचारियों की भर्ती कर ग्रिड सब स्टेशनो व तापीय विधुत उत्पादन गृह का संचालन निगम कर्मचारियों के माध्यम से करवाया जायें। विधुत प्रशासन व सरकार द्वारा कर्मचारी व अधिकारियों के इस लोकतांत्रिक माध्यम से विभाग बचाने हेतु दिये गये ज्ञापन पर संज्ञान नही लिया गया तो भविष्य में देश, उद्योग, श्रमिक कित में लोकतांत्रिक श्रमिक आदोलन जारी होगा।

निजीकरण के खिलाफ ज्ञापन दिया

मनोहरपुर । राजस्थान विद्युत संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वाधान में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड मनोहरपुर के सहायक अभियंता के अधिकारी व कर्मचारी कनिष्ठ अभियंता मनोहरपुर के अधिकारी व कर्मचारियों ने धरना देते हुए भजनलाल जी शर्मा मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार के नाम ज्ञापन सौपा! सहायक राजस्व अधिकारी विक्रम कुमार खींची, कनिष्ठ अभियंता मनोहरपुर राकेश कुमार कुमावत, कनिष्ठ अभियंता खोरा लाड़खानी की कनिष्ठ अभियंता सुश्री अपूर्वा शर्मा आदि को कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा गया !इस अवसर पर मीटर इंस्पेक्टर बद्री गुर्जर,कर्मचारी नेता हेमपाल पोषवाल, कर्मचारी नेता रामावतार यादव, कर्मचारी नेता मोहन जाट, कर्मचारी नेता प्रकाश चंद मोहनपुरिया,कर्मचारी नेता जगदीश गुर्जर,कर्मचारी नेता राहुल गुप्ता, कर्मचारी नेता मनीष शर्मा,कर्मचारी नेता हरिशंकर शर्मा,कर्मचारी नेता पप्पू राम गुर्जर,कर्मचारी नेता सुभाष गुर्जर, कर्मचारी नेता सुदामा प्रजापती, कर्मचारी नेता संतोष मेहरा, कर्मचारी नेता करमचंद, कर्मचारी नेता एम पी चौहान, कर्मचारी नेता मनोज सैनी,कर्मचारी नेता राकेश कुमार, शिव प्रकाश, मनोज सैनी,कुलदीप सैनी, मुकेश स्वामी, जयसिंह गुर्जर, आदि उपसतिथ थे।

रास्ते से अतिक्रमण को हटाने की मांग

चाकसू। चाकसू पंचायत समिति की ग्राम पंचायत टिगरिया के ग्राम रामनिवासपुरा के ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को आम रास्ते से अतिक्रमण हटाने की मांग की है ग्रामीण रामावतार बैरवा चिरंजीलाल बैरवा लक्ष्मी नारायण रामावतार हरिनारायण रेवाराम सूरज सहित अन्य ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन के जरिए अवगत कराया की ग्राम रामनिवासपुरा ग्रा.पं. टिगरिया तह. चाकसू जिला जयपुर के मुख्या ग्राम रामनिवासपुरा में 30 फीट सी.सी. रोड बनवाई गई थी जिस पर हरिनारायण पुत्र प्रताप बैरवा जाति बैरवा निवासी ग्राम रामनिवासपुरा तह. चाकसू जिला जयपुर राज. ने उक्त सी.सी. रोड को तोड़ कर अपना पक्का मकान बना लिया है। कई बार गांव के सरपंच व वार्ड पंच व ग्राम के पंचपटेल मौके पर जाकर मौका देखा तो गांववालों ने उसे मकान बनाने से मना किया लेकिन वह ग्रामवासीयों की बात नहीं मानकर उक्त व्यक्ति द्वारा सी.सी. रोड को तोड दी गई। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी से उक्त सी.सी. रोड को तोडने तथा उस पर अतिक्रमण करने की शिकायत दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही करते हुये उक्त व्यक्ति को पाबन्द करने की मांग की है जिससें गांव में किसी प्रकार का कोई वाद विवाद उत्पन्न ना हो।

रक्तदान शिविर आयोजित

कोटपूतली । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम कांसली निवासी युवा समाजसेवी, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष स्व. राजाराम यादव की 07 वीं पुण्यतिथि पर उनके परिजनों एवं ग्रामीणों ने स्थानीय आशीर्वाद ब्लड बैंक, भिलाई ब्लड बैंक (छत्तीसगढ़) एवं पीताम्बर ब्लड बैंक दिल्ली में रक्तमणि अभियान के अन्तर्गत स्वैच्छिक रक्तदान कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर वेदप्रकाश शर्मा, सुनिल यादव, सतीश कुमार योगी, राजेन्द्र यादव, सत्यवीर सिंह यादव, दीपक यादव, पुरुषोत्तम यादव, सुमित यादव, राजवीर यादव, सोमदत्त यादव, बेगराज यादव, राजेंद्र सिंह यादव आदि ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। इस दौरान भाजपा नेता मुकेश गोयल, डॉ. सतीश यादव, सुनील यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

93 नोजल चोरी

मनोहरपुर। थाना क्षेत्र के गुढ़ाबैजनाथपुर में फव्वारों के 93 नोजल चोरी व 8 किसानों के खेतों से रात को चुरा ले गए चोर, पीड़ित बोले- पुलिस जल्द कार्रवाई करे। 8 किसानों के खेतो से रात्रि को अगस्त चोर नोजल चोरी कर ले गए। वही महेश कुमार गुर्जर पुत्र पांचुराम गुर्जर निवासी गुढाबैजनाथपुरा ने मामला दर्ज करवाया उसके खेत से 23 नवंबर 2024 की रात्रि को चोरो ने 2 नोजल रामचन्द्र के खेत से 10 नोजल, रिशपाल के खेत से 17 नोजल, छीतरमल के खेत से 12 नोजल, सुल्तान के खेत से 15 नोजल, जगदीश के खेत से 20 नोजल, सीताराम के खेत से 12 नोजल, बोदुराम के खेत से 5 नोजल, चोर चोरी कर ले गए।